आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 09.04.2026 समय : 02.10pm

**पीएम नारी शक्ति वंदन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है और 2029 के लोकसभा चुनाव से इसे लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष तीन दिवसीय सत्र बुलाया गया है।

**एलएनजी आपूर्ति - हरदीप सिंह पुरी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज कतर जा रहे हैं। ईरान के हमलों से कतर के एलएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा है, जिससे उसकी करीब 17% निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है। भारत कतर से एलएनजी खरीदने वाले बड़े देशों में से एक है, इसलिए इस दौरे में सप्लाई बनाए रखने पर अहम चर्चा होगी। साथ ही भारत ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस से वैकल्पिक एलएनजी खरीद भी शुरू कर दी है।

**प्रदेश में गेहूं खरीदी**

प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू हो गई है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में आज से ही खरीदी शुरू हो गई, जबकि बाकी जिलों में 15 अप्रैल से खरीदी होगी। किसानों को 2 हजार 585 रुपए एमएसपी के साथ साथ 40 रुपए बोनस के तौर पर दिए जाएंगे। इस बार रिकॉर्ड 19 लाख से ज्यादा किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और सरकार ने 78-80 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है।

**रायसेन- तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला**

रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक दशहरा मैदान में राष्ट्रीय कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से आयोजित इस मेले में ड्रोन तकनीक, हाइड्रोपोनिक्स और प्रिसिजन फार्मिंग के लाइव मॉडल दिखाए जाएंगे। 300 से अधिक स्टॉल्स के साथ कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक खेती और आय बढ़ाने के तरीकों पर प्रशिक्षण देंगे। समापन सत्र में रायसेन, विदिशा और सीहोर जिलों के लिए कृषि रोडमैप भी जारी किया जाएगा।

**8वां पोषण पखवाड़ा**

प्रदेश में आज से 8वां पोषण पखवाड़ा शुरू हो गया है. यह पखवाड़ा 23 अप्रैल तक चलेगा। इस बार की थीम- "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास" रखी गई है। प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों की

मौजूदगी में इसका शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों के पोषण, स्क्रीन टाइम कम करने और खेल आधारित शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**गांव-बस्ती चलो अभियान**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले के दौरे पर हैं। निवाड़ी में जिला बैठक के बाद वे पृथ्वीपुर में 'गांव-बस्ती चलो अभियान' में भी शामिल होंगे। भाजपा ने प्रदेश भर में 'गांव-बस्ती चलो' अभियान शुरू किया है। यह अभियान 12 अप्रैल तक प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों में चलेगा। इस दौरान मंत्री, सांसद और विधायक हर निर्वाचन क्षेत्र के 50 गांवों का दौरा करेंगे।

**एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप**

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों ने कल तीन पदक जीते। नितेश सिवाच ने रजत पदक अपने नाम किया, जबकि प्रिंस और सचिन सहरावत ने कांस्य पदक हासिल किए।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण अगले 48 घंटों में प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। भोपाल में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां 25-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इससे दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

**समाचार संक्षेप में :-**

- भारत के ध्वज वाला एलपीजी पोत, ग्रीन आशा, आज मुंबई पहुंच गया है। यह पोत 15 हजार चार सौ टन एलपीजी लेकर आया है।
- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने अमृत योजना एवं कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत अपूर्ण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिये।
- जिला प्रबंधक लोकसेवा मंडला लोक सेवा केंद्र बिछिया के निरीक्षण के दौरान 3 ऑपरेटर उपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।
- आज सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,000 रुपए सस्ता होकर 1.50 लाख रुपए पर आ गया, जो कल 1.51 लाख रुपए था। वहीं चांदी भी 9,000 रुपए टूटकर 2 लाख 35 हजार रुपए प्रति किलो पर आ गई।